मैहर के वार्ड नंबर 3 की आंगनबाड़ी बदहाल

विभाग को ही नहीं मालूम बिल्डिंग है या नहीं

नवभारत न्यूज

मैहर 31 जुलाई, नगर पालिका मैहर के वार्ड नंबर 3 स्थित देवी जी रोड, हनुमान टोला की आंगनबाड़ी भवन बदहाली की मार झेल रही है। भवन तक पहुंचने का रास्ता गंदगी और झाड़ियों से पटा हुआ है, वहीं वर्षों से आंगनबाड़ी का ताला तक नहीं खुला।

चौंकाने वाली बात यह है कि आंगनबाड़ी की बिल्डिंग बनकर तैयार होने के बावजूद विभाग को ही यह नहीं मालूम कि यह बिल्डिंग उनकी है या नहीं। भवन तक जाने वाला रास्ता गंदगी और कचरे से अटा वर्षों से भवन का ताला नहीं खुला, संचालन ठप विभाग को ही नहीं मालूम कि आंगनबाड़ी की खुद की

बिल्डिंग है. गौर करने वाली बात यह है कि हनुमान टोला की यह आंगनबाड़ी बिल्डिंग कई सालों से बनकर तैयार खड़ी है, लेकिन आज तक विभाग को यही स्पष्ट नहीं है कि यह बिल्डिंग है भी या नहीं। किस ठेकेदार द्वारा और किस मद से इसका निर्माण कराया गया, इसकी भी अभी तक कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।

नगर पालिका रिकॉर्ड में सड़क का जिक्र, भवन हैंडओवर अधर में- बताया जा रहा है कि नगर पालिका के रिकॉर्ड में 28 लाख रुपए की लागत से बनी सीसी सड़क का उल्लेख मिलता है, जिसमें दर्ज है कि मंदिर मार्ग से हनुमान टोला वार्ड नंबर 3 आंगनबाड़ी केंद्र तक सड़क का निर्माण कराया गया। यानी सड़क के निर्माण का रिकॉर्ड मौजूद है, लेकिन सरकारी भवन बनकर विभाग को हैंडओवर हुआ या नहीं, यह मामला अब तक अधर में लटका हुआ है।

पोषण आहार योजना पर ग्रहण- सरकार की मंशा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए छोटे बच्चों तक पोषण आहार पहुंचे, लेकिन वार्ड नंबर 3 की यह आंगनबाड़ी इस उद्देश्य से कोसों दूर नजर आती है। भवन पर वर्षों से ताला जड़ा हुआ है, जिससे स्पष्ट होता है कि यहां लंबे समय से किसी प्रकार की गतिविधि नहीं हुई।

भवन बना असामाजिक तत्वों का अड्डा- आंगनबाड़ी भवन के आसपास फैली गंदगी और झाड़ियां यह दर्शाती हैं कि इस जगह की सुध लेने वाला कोई नहीं है। बताया जा रहा है कि आसपास के कुछ लोग इस परिसर का उपयोग सोने और अन्य गतिविधियों के लिए करने लगे हैं, जिससे सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग की स्थिति बन गई है।

परियोजना अधिकारी बोले, सोमवार को लूंगा जानकारी- इस पूरे मामले पर जब महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे अभी किसी अन्य मामले की जांच के सिलसिले में बाहर हैं और सोमवार को कार्यालय पहुंचकर इस मामले में जानकारी एकत्रित करेंगे.

जिम्मेदार विभाग पर सवाल- अच्छी-खासी बिल्डिंग बनकर तैयार होने के बावजूद विभाग को इसकी जानकारी तक न होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। सवाल यह भी है कि जब भवन तैयार है तो आंगनबाड़ी संचालन क्यों नहीं हो रहा, हैंडओवर की प्रक्रिया अब तक अधूरी क्यों है, और पोषण आहार से वंचित बच्चों की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

रास्ते में गंदगी का अंबार

आंगनबाड़ी भवन तक पहुंचने वाला मार्ग बुरी तरह गंदगी से भरा हुआ है। आवागमन के रास्ते पर कचरा और गंदा पानी जमा रहता है, जिससे यहां आना-जाना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते की न तो कभी सफाई हुई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने कभी इस ओर ध्यान दिया।

भवन है, लेकिन विभाग को खबर नहीं

इस पूरे मामले में सबसे हैरान करने वाला पहलू सामने आया है। जब इस बाबत राजेंद्र बांगड़े से जानकारी ली गई तो उन्होंने साफ कहा कि हमें मालूम ही नहीं है कि हमारी बिल्डिंग है। उनका कहना है कि अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र प्राइवेट भवनों पर किराए पर संचालित होते हैं और अगर वाक़ई यह बिल्डिंग उनकी है तो यह अच्छी बात होगी, क्योंकि इससे आंगनबाड़ी संचालन में सुविधा मिलेगी। लेकिन फिलहाल इस बिल्डिंग को लेकर उनके पास कोई जानकारी नहीं है और इसके लिए पुराने अधिकारियों से समझना पड़ेगा।

लापरवाही के चलते लाखों का गेहूं सड़ा

चित्रकूट 31 जुलाई, मानिकपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत 'बसिला' स्थित एस बीआई खरीद केंद्र पर जिम्मेदार सचिव की लापरवाही से लाखों रुपये का गेहूं खराब हो गया है। आरोप है कि समय पर न तो गेहूं की तिरपाल से ढकाई हुई और न ही गोदाम की व्यवस्था की गई।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि खरीद के बाद से ही गेहूं की बोरियां खुले आसमान के नीचे पड़ी हैं। लगातार बारिश और धूप के कारण लाखों रुपये का अनाज सड़-गल गया है। अब भी बड़ी मात्रा में गेहूं बिना किसी सुरक्षा के मैदान में रखा हुआ है।ग्रामीणों ने सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ष्सरकार किसानों का गेहूं खरीद तो लेती है, लेकिन उसे सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। हमारी मेहनत की कमाई इस तरह बर्बाद हो रही है।ष्किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी सचिव के खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो और बचे हुए गेहूं को सुरक्षित गोदाम में शिफ्ट किया जाए।

घुनवारा बाईपास पर निर्माणाधीन सड़क बनी हादसों का केंद्र

▶ एक की मौत के बाद भी नहीं चेता विभाग, शुक्रवार रात फिर हुई दुर्घटना

नवभारत न्यूज

अमदरा 31 जुलाई, घुनवारा बाईपास पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी किए जाने के कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व में इसी निर्माणाधीन मार्ग पर हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया।

शुक्रवार रात लगभग 8 से 9 बजे के बीच निर्माणाधीन सड़क पर एक और दुर्घटना हो गई और उसे चोट लगी जिसे उपचार के लिए भेजा गया ।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर न तो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था है और न ही वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, रेड मार्कर अथवा बैरिकेडिंग की उचित व्यवस्था की गई है। अंधेरे में वाहन चालकों को यह समझ ही नहीं आता कि आगे सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी क्षेत्र के सांसद को भी दी गई थी।

सांसद द्वारा संबंधित अधिकारियों से चर्चा किए जाने के बावजूद निर्माण एजेंसी की ओर से सुरक्षा संबंधी कमियों को दूर नहीं किया गया। परिणामस्वरूप आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य पूरा होने तक निर्माण स्थल पर तत्काल पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी की होगी।

ग्रामोदय ने दो कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 31 जुलाई । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए रामगोपाल वर्मा, सहायक श्रेणी-2 (परीक्षा विभाग) एवं विनोद कुमार मिश्रा, सहयोगी (उद्यमिता), अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के सम्मान में शुक्रवार को रजत जयंती भवन स्थित सभागार में गरिमामय सेवानिवृत्ति विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने की। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विश्वविद्यालय के प्रति दीर्घकालीन सेवाओं, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति में उसके कर्मचारियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने दोनों कर्मचारियों के स्वस्थ, सुखमय एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए विश्वविद्यालय परिवार की ओर से प्रशस्ति-पत्र, शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय, कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. कपिल देव मिश्रा, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता इंजी. अश्विनी दुग्गल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनिल अग्रवाल सहित अभियांत्रिकी संकाय, परीक्षा विभाग तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कार्यशाला इकाई के सहकर्मियों ने विनोद कुमार मिश्रा तथा परीक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री रामगोपाल वर्मा का पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण, शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर सहकर्मियों ने दोनों कर्मचारियों के साथ बिताए अपने संस्मरण साझा करते हुए उनके सरल, सहयोगी एवं कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व को याद किया। समारोह का वातावरण आत्मीयता, सम्मान और भावुक क्षणों से परिपूर्ण रहा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

नवागत तहसीलदार आशुतोष मिश्रा से नगर परिषद जन प्रतिनिधियों ने की शिष्टाचार भेंट

नवभारत न्यूज

कोटर 31 जुलाई, कोटर तहसील के नए तहसीलदार आशुतोष मिश्रा से आज नगर परिषद के प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट किया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी , सभापति बबलू गौतम, आंनद पाठक, पंकज कुशवाहा , एडवोकेट अनूप तिवारी, राजा गुरु,देवराज गोस्वामी , हेमराज गोस्वामी,के पी चौधरी, कुंजीलाल चौधरी ,उपस्थित रहे सभी प्रतिनिधियों ने तहसीलदार का स्वागत कर उन्हें उनके नवीन पदभार के लिए शुभकामनाएं दीं. इस दौरान नगर के विकास, प्रशासनिक सहयोग एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। तहसीलदार आशुतोष मिश्रा ने सभी को भरोसा दिलाया कि वे जनहित में तत्परता से कार्य करेंगे।

एक वोट से अध्यक्ष का प्रस्ताव औंधे मुंह गिरा

8 पार्षद कर्मचारियों के समर्थन में शेष 7 पार्षद कर्मचारी विरोध में रहे

नवभारत न्यूज

रामनगर 31 जुलाई, मैहर जिले के नगर परिषद रामनगर में शुक्रवार 31 जुलाई 2026 को आयोजित परिषद की बैठक आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों को आउटसोर्स किये जाने के संबंध में अध्यक्ष द्वारा पार्षदों के समक्ष प्रस्ताव लाया गया जिसमें आठ पार्षदों के द्वारा असहमति जाताई गई स्पष्ट किया गया कि लाया गया प्रस्ताव कर्मचारी विरोधी है जिससे कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।

पार्षदों का तर्क था कि जब आउटसोर्स शासन द्वारा वित्त विभाग के आदेशानुसार निरस्त किया गया

है तो परिषद को प्रस्ताव लाने की आवश्यकता नहीं थी।

जिसका परिषद पार्षदों के द्वारा अभिलेखों सहित तर्क प्रस्तुत किया गया जिसमें अभिलेखों का परीक्षण कर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा कहा गया कि शासन द्वारा निरस्त आदेश को परिषद में लाने की आवश्यकता नहीं थी शासन द्वारा आउटसोर्स प्रक्रिया पर पूर्ण रोक लगाई जा चुकी है इस संबंध में तत्थों के आधार पर आउटसोर्स प्रक्रिया को अवैध मानते हुए कर्मचारियों को पूर्ववत विभागीय कर्मचारी मानते हुए बहुमत के आधार पर लाए गये बिन्दु क्रमांक 16 को निरस्त कर दिया गया। निकाय में कार्यरत कर्मचारी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

नगर को स्वच्छ बनाने चलाया जागरूकता अभियान दिलाया संकल्प

नवभारत न्यूज

उचेहरा 31 जुलाई, सफाई अपनाओ ,बीमारी भगाओ सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत एस एम बी टीम द्वारा नगर के वार्डों में तथा स्कूल,अस्पताल सहित घर-घर जा कर वार्ड वासियों को जन जागरूक कर रहे हैं इस दरमियान नगर को स्वच्छ रखने का संकल्प भी दिलाया ।

इस अभियान से नगर में नागरिक का भी जुड़ाव देखा जा रहा हैं यह

जागरूकता अभियान नगर परिषद द्वारा चलाया जा रहा है। टीम ने नगर वासियों से अपील की गई कि बरसात के मौसम में खाना खाने से पहले हांथ और शौच जाने के बाद हांथ की अच्छी तरह से सफाई करें नहीं तो बीमारी घेरने से कोई नही रोक सकता यह लापरवाही बीमारी का घर है। इस अभियान के तहत आई ई सी टीम के सदस्य अनिल कुमार पाण्डेय, विष्णु ताम्रकार,पंकज चौधरी द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सेवानिवृत्त थाना प्रभारी अशोक पांडेय को दी गई भव्य विदाई

नवभारत न्यूज

नागौद 31 जुलाई, नागौद थाना प्रभारी अशोक पांडेय शुक्रवार को अपनी अर्द्ध वार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त होने पर थाना परिसर में गरिमामय विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में पत्रकार संघ, द्रोणाचार्य क्लब, शिक्षक संघ, पुलिस बल, वैश्य महासम्मेलन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने थाना प्रभारी श्री पांडेय का पुष्पमालाओं एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह, कोठी तहसीलदार श्रीमती प्रज्ञा दुबे, एसडीओपी रघु केसरी, उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा, रैगांव चौकी प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि थाना प्रभारी अशोक पांडेय ने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन से बेहतर संवाद स्थापित किया, जिससे लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ। समारोह के अंत में सभी ने उन्हें सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी ।

स्व. अभयराज स्मृति ऑल इंडिया हाफ मैराथन में धावकों का उमड़ा हुजूम

नवभारत न्यूज

जैतवारा 31 जुलाई, जिले के ग्राम मेहुती में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए स्वर्गीय अभयराज स्मृति ऑल इंडिया हाफ मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

इस राष्ट्रीय स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता में मेहुती, सतना, रीवा, सीधी, बनारस, भदोही, आजमगढ़ सहित विभिन्न स्थानों से आए सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों और ग्रामीण जन की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं दौड़ का शुभारंभ- कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम बजरंग वली की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद स्वर्गीय अभय राज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके तत्पश्चात अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर बालक एवं बालिका वर्ग के धावकों

को मैराथन दौड़ के लिए रवाना किया गया। बालक वर्ग (10 किलोमीटर- ग्राम पंचायत मेहुती से मझगवां एवं वापस) प्रथम स्थान- सतीश वर्मा (भदोही, उत्तर प्रदेश) — 5,100 नगद राशि एवं विजेता ट्रॉफी द्वितीय स्थान- सुनील (सतना) — 3,100 नगद राशि एवं ट्रॉफी तृतीय स्थान- पंकज कुमार पटेल (मऊगंज) — 2,100 नगद राशि एवं ट्रॉफी बालिका वर्ग (6 किलोमीटर- मेहुती से महुला एवं वापस) प्रथम स्थान- शुभिता कुशवाहा (दीपू फिजिकल अकादमी, सतना) — 3,100 नगद राशि एवं विजेता ट्रॉफी द्वितीय स्थान- मुस्कान प्रजापति (आजमगढ़) — 2,100 नगद राशि एवं ट्रॉफी तृतीय स्थान- खुशबू (वाराणसी) — 1,100 नगद राशि एवं ट्रॉफी चौथे से दसवें स्थान के विजेता (सांत्वना पुरस्कार) बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में चौथे स्थान से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को ?500-500 की नगद राशि के साथ विशेष गिफ्ट प्रदान किया गया. बालक वर्ग - दीपू, अरविंद, सचिन पाल, कुश कुमार, इमरान आलम, चंदन यादव, एवं महेंद्र आदि। बालिका वर्ग- मौसमी मौर्या, प्रियंका यादव, ज्योत्सना, पूर्वी केवट, सुप्रिया राम, निकिता मौर्य, कृष्णा, के साथ श्रेया यादव।

जनचौपाल के माध्यम से पुलिस ने सुनी आमजन की समस्याएं, पुलिस-जन संवाद हुआ सशक्त

नवभारत न्यूज

मैहर 31 जुलाई, पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन, गौरव राजपूत के निर्देशन में मैहर जिले के समस्त थाना एवं चौकियों में जनचौपाल 04 का आयोजन किया गया। थाना कोतवाली अंतर्गत बंधा में आयोजित जन चौपाल में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनचौपाल का मुख्य उद्देश्य आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना, पुलिस से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करना तथा प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का यथासंभव त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से पुलिस और जनता के मध्य आपसी विश्वास एवं समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है।जनचौपाल के दौरान अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम,साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा,यातायात जागरूकता तथा अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित नागरिकों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराकर आर्थिक क्षति को कम किया जा सकता है। साथ ही सड़क दुर्घटना की स्थिति में 卐गोल्डन ऑवर卐 के महत्व के बारे में जानकारी देते

▶ पुलिस पहुंची गांव-गांव, आमजन से संवाद कर किया जागरूक

हुए बताया गया कि दुर्घटना के पश्चात का पहला एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिसमें समय पर उपचार मिलने से घायल व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। प्राप्त समस्याओं के यथाशीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक संतोष उलाड़ी, उपनिरीक्षक श्रीमती वंदना गर्ग, रंजीत सिंह एवं थाना कोतवाली का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता कर अपने सुझाव एवं समस्याएं साझा कीं। इसी प्रकार रामनगर, ताला में जनसंवाद आयोजित किये.

थाना अमदरा- थाना अमदरा अंतर्गत ग्राम घुनवारा में जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक एल.पी. बुनकर, एएसआई मीना धुर्वे, प्रधान आरक्षक रवि सिंह एवं अनिल सिंह द्वारा ग्रामीणों से संवाद किया गया।इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव, हेल्पलाइन नंबर 1930, यातायात नियमों के पालन, हेलमेट के उपयोग तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी क्रम में थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार के परिहार के नेतृत्व में ग्राम बंधी एवं थाना प्रभारी देहात निरीक्षक पंचराज सिंह के नेतृत्व में ग्राम मगरौरा में जन चौपाल का आयोजन कर विभिन्न विषयों पर आमजन को जागरूक किया गया। जनचौपालों के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है, जिसके फलस्वरूप पुलिस को विभिन्न माध्यमों से अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होने लगी हैं।

बेंदुरा कला मे पुलिस द्वारा लगाई गई जन चौपाल

अमरपाटन थाना क्षेत्र के रैकवार पंचायत अंतर्गत आने वाले बेंदुरा कला में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में मैहर एडिशनल एसपी चंचल नागर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों, साइबर अपराध और नशा मुक्ति को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने, साइबर ठगी से बचने और महिला अपराध जैसी घटनाओं की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान , थाना प्रभारी विजय सिंह ने परस्ते, महिला डेस्क प्रभारी मोहनी शर्मा बिट प्रभारी शुशील तिवारी पुलिस स्टॉफ ,सरपंच रजनीश बुनकर सचिव श्री मती सुमन पटेल व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर अपराध मुक्त एवं सुरक्षित समाज का निर्माण करना है।

कोठी थाना प्रभारी ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं

कोठी । मध्य प्रदेश पुलिस के जनसंपर्क अभियान 卐जन चौपाल ङ्क आपकी पुलिस, आपके द्वार卐 के अंतर्गत कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोठी थाना क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष नागरिक शामिल हुए और अपनी समस्याओं से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। जन चौपाल के दौरान थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने एक-एक कर लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। वहीं शेष शिकायतों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा समाज, परिवार और युवाओं के भविष्य के लिए घातक है। सभी नागरिकों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। जन चौपाल के इस आयोजन से पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को नई मजबूती मिली।